**चीनी मिलों द्वारा गन्ने की पिराई में विलम्ब**

**1007. श्री हुक्मदेव नारायण यादव :**
**श्री रामेश्वर सिंह :**

क्या खाद्य और नागरिक पूर्ति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस समय देश में सरकारी, सहकारी और गैर-सरकारी क्षेत्रों में राज्यवार और क्षेत्रवार कितनी-कितनी चीनी मिलें कार्य कर रही हैं ; और

(ख) क्या यह सच है कि चीनी मिलो के काफी विलम्ब से चालू होने अथवा कुछ के अभी तक चालू न होने के कारण किसानों का गन्ना खेतों में सूख रहा है ?

**इलेक्ट्रानिकी, खाद्य और नागरिक पूर्ति उपमंत्री (श्री एम० एस० संजीवी राव)** : (क) 2 मार्च, 1984 तक प्राप्त सूचना के अनुसार देश में इस समय चल रही चीनी मिलों की राज्य-वार और क्षेत्रवार संख्या परिशिष्ट पर विवरण में दिखायी गई है ।

(ख) अब तक कोई रिपोर्ट प्राप्त नही हुई जिसमें यह शिकायत की गई है कि किसानों का गन्ना कुछेक चीनी फैक्ट्रियों के देर से पिराई शुरू करने या पिराई कार्य न करने के कारण खेतों में सूख रहा है ।

**विवरण**

2 मार्च, 1994 तक प्राप्त सूचना के अनुसार कार्य कर रही फैक्ट्रियों की राज्यवार और सैक्टरवार संख्या

| क्रम सं० | राज्य | सरकारी क्षेत्र/ राज्य की अपनी | सहकारी | निजी | योग |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | उत्तर प्रदेश . . | 18 | 20 | 54 | 92 |
| 2 | बिहार . . . | 5 | .. | 19 | 24 |
| 3 | पंजाब . . . | 2 | 4 | 2 | 8 |
| 4 | हरियाणा . . | .. | 4 | 1 | 5 |
| 5 | पश्चिमी बंगाल . . | .. | .. | 1 | 1 |
| 6 | असम . . . | .. | 1 | .. | 1 |
| 7 | नागालैण्ड . . | 1 | .. | .. | 1 |
| 8 | राजस्थान . . | 1 | 1 | .. | 2 |
| 9 | मध्य प्रदेश . . | .. | 2 | 5 | 7 |
| 10 | उड़ीसा . . | .. | 2 | .. | 2 |
| 11 | महाराष्ट्र . . | .. | 57 | 11 | 68 |
| 12 | गुजरात . . . | .. | 11 | .. | 11 |
| 13 | गोआ . . . | .. | 1 | .. | 1 |
| 14 | तमिल नाडु . . | 3 | 9 | 8 | 20 |
| 15 | कर्नाटक . . | 1 | 4 | 5 | 10 |
| 16 | पांडिचेरी . . | .. | 1 | 1 | 2 |
| 17 | आन्ध्र प्रदेश . . | 4 | 16 | 3 | 23 |
| 18 | केरल . . . | .. | .. | .. | .. |
| | जोड़ अखिल भारत . | 35 | 133 | 110 | 279 |